10. क्षेत्रफल में राजस्थान का जैसलमेर जिला धौलपुर जिले से कितना बड़ा है-

(a) 15.22 गुण (b) 16.66 गुणा

(c) 12.66 गुणा (d) 11.22 गुणा

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

Ans. (c) जैसलमेर राजस्थान का सबसे बड़ा जिला तथा भारत का तीसरा सबसे बड़ा जिला है। इसका क्षेत्रफल 38,401 वर्ग किमी है। जबकि धौलपुर राजस्थान का सबसे छोटा जिला है जिसका क्षेत्रफल 3,033 वर्ग किमी है। इस प्रकार क्षेत्रफल के अनुसार जैसलमेर जिला, धौलपुर से 12.66 गुना बढ़ा है।

11. केन्द्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट 2011 के अनुसार राजस्थान में सुरक्षित जल भंडार वाले विकास खण्डों की संख्या है

(a) 25 (b) 30

(c) 35 (d) 40

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (*) : केन्द्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट 2011 के अनुसार राजस्थान में सुरक्षित जल भंडार वाले विकास खण्डों की संख्या ज्ञात नहीं है। अतः आयोग ने इस प्रश्न के उत्तर में स्टार इंगित किया है।

- भूजल विकास और प्रबंधन के अनुसार अत्यधिक भूजल शोषण वाले विकास खण्डों की संख्या 140 है। नाजुक स्थिति वाले विकास खण्डों की संख्या 50 एवं अर्थ-महत्त्वपूर्ण विकासखण्डों की संख्या 14 है।

12. निम्नलिखित में से कौनसा (प्राचीन अंलच-वर्तमान जिल/जिला) सुमेलित नहीं है?

(a) शिवि- चित्तौड़गढ़

(b) जाँगलदेश- बीकानेर

(c) सपादलक्ष- सीकर और झुन्झुनू

(d) अर्बुद- सिरोही

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (c) : सही सुमेलित है-

प्राचीन अंचल	-	**वर्तमान जिला**
शिवि	-	चित्तौड़गढ़, उदयपुर
जाँगलादेश	-	बीकानेर
सपादलक्ष	-	नागौर
अर्बुद	-	सिरोही

13. राजस्थान के इनमें से किस शहर को 'बावड़ियों का शहर' कहते हैं?

(a) जालोर (b) दौसा

(c) बूँदी (d) जैसलमेर

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (c) राजस्थान में बूंदी को बावड़ियों का शहर तथा स्वर्ण नगरी, कहा जाता है। जबकि जैसलमेर को राजस्थान का अंडमान जयपुर को भारत का पेरिस तथा गुलाबी शहर कहा जाता है। उदयपुर को पूर्व का बेनिस कहा जाता है।

14. क्षेत्रफल के अनुसार दिए हुए जिलों का सही अवरोही क्रम है-

(i) जैसलमेर (ii) नागौर (iii) टोंक

(a) (iii), (ii), (i) (b) (ii), (iii), (i)

(c) (i), (ii), (iii) (d) (iii), (i), (ii)

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (c) क्षेत्रफल के अनुसार प्रश्नगत राजस्थान के जिलों का अवरोही क्रम- जैसलमेर (38401किमी^{2}) > नागौर (17718 किमी^{2})> टोंक (7194किमी^{2})

15. राजस्थान के किस जिले में एक 'युद्ध संग्रहालय' की स्थापना अगस्त, 2015 में की गई?

(a) सीकर (b) जैसलमेर

(c) जोधपुर (d) बाड़मेर

संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)

Ans. (b) राजस्थान के जैसलमेर जिले में एक युद्ध संग्रहालय की स्थापना अगस्त, 2015 में की गई। दक्षिण कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल अशोक सिंह ने 1965 के भारत-पाक युद्ध की स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर जैसलमेर में ''युद्ध संग्रालय'' का उद्घाटन किया।

- युद्ध संग्रहालय के अन्दर दो बड़े सूचना प्रदर्शन हॉल एक ऑडियो विजुअल रूम और सुव्यवस्थित दुकाने स्थापित की गयी हैं।
- संग्रहालय में युद्ध में जल हथियारों, टैंको एवं सैन्य वाहनों की एक विस्तृत शृंखला को प्रदर्शित किया गया है।
- भरतीय वायु सेना द्वारा 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान लोंगेवाला ऑपरेशन में प्रयुक्त हंटर विमान को भी संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया है।

16. राजस्थान में वह जिला जिसके मुख्यालय का नाम उस जिले के नाम से भिन्न है-

(a) राजसमन्द (b) प्रतापगढ़

(c) पाली (d) डूंगरपुर

संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)

Ans. (a) राजस्थान के राजसमन्द जिला जिसके मुख्यालय का नाम राजनगर शहर है। जो जिले के नाम से मिला है। राजसमंद को उदयपुर से पृथक कर 10 अप्रैल, 1991 को एक अलग जिला बनाया गया। राजसमंद झील के किनारे विश्व की सबसे बड़ी राजसिंह प्रशस्ति स्थित है, यह संगमरमर के 25 शिलालेखों पर खुदी हुई है। 18 जून, 1576 को हल्दी घाटी का युद्ध राजसमंद जिले में हुआ था।

17. राजस्थान में छावनी बोर्ड किस शहर में है?

(a) माउण्ट आबू (b) एरिनपुरा

(c) नसीराबाद (d) देवली

सहायक अग्निशमन अधिकारी (एएफओ) -2021

Ans. (c) राजस्थान के नसीराबाद शहर में छावनी बोर्ड स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1818 में हुई थी। यह 5601.0870 एकड़ क्षेत्र में फैला है जिसमें 216.4557 एकड़ अधिसूचित नागरिक क्षेत्र शामिल हैं। नसीराबाद छावनी नगरपालिका, राजस्व और भूमि मामलों और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए छावनी बोर्ड द्वारा प्रशासित है।

18. राजस्थान का राज्य पशु कौन सा है?

(a) गोडावण (b) चीता

(c) काला हिरण (d) चिंकारा

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (d) राजस्थान का राज्य पशु चिंकारा (वन्य जीव) एवं ऊँट (पालतू पशु) है। राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार चिंकारा के साथ-साथ अब ऊँट भी राज्य पशु बन गया है। राज्य का राजकीय वृक्ष-खेजड़ी तथा राज्य पुष्प रोहिड़ा है। राजस्थान का रष्ट्रीय पक्षी गोड़ावण है।